हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, रविवार, 7 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 25.1 डिग्री
न्यूनतम 3.5 डिग्री

13 एमडीयू में डॉ. अंबेडकर को अर्पित की सच्ची ...



14 जिला पुलिस ने बढ़ाई सतर्कता आमजन से सहयोग ...



## खबर संक्षेप

### सांपला: बस स्टैंड से बाइक चोरी

**सांपला।** बस स्टैंड से अज्ञात व्यक्ति बाइक चोरी करले गए। पुलिस ने समचाना निवासी विकास के बयान पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया। विकास ने बताया कि वह गुरुग्राम में नौकरी करता है। अपनी बाइक को बस स्टैंड में खड़ी करके ड्यूटी पर चला गया। वापस आया तो बाइक नहीं मिली। स्टैंड इंचार्ज ने बताया कि दो नौजवान युवक बाइक को ले गए।

### गुरुद्वारा टिकाना साहिब में कीर्तन

**रोहतक।** महापुरुष श्री मान 108 महंत हरदर्शन सिंह महाराज की याद में 3 दिवसीय कार्यक्रम 71 वां सालाना यज्ञ समागम महान कीर्तन दरबार गुरुद्वारा टिकाना साहिब में मनाया जा रहा है। समागम के दूसरे दिन रात्रि को महान कीर्तन दरबार सजाया गया। गुरमेल सिंह रागी जत्थे तुम सरनाई आया ठाकुर आया तुम सरनाई आया , हाउ वारी वन्जा भोली व वन्जा, गुरदेव सिंह रागी जत्था ने जन पर उपकारी आए जनम मरण दोहु में नाही, चरणजीत सिंह हीरा दिल्ली वालों ने नाम के व्यापारी हर के नाम के व्यापारी हर जियो नि मान्या तू मान शब्द गाया। कीर्तन द्वारा ब महंत दिलबाग सिंह ने अपने प्रवचनों द्वारा संगतों को निहाल किया।

### मिशन बुनियाद कार्यक्रम आयोजित

**सांपला।** कारोर राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार मिशन बुनियाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी छिपी प्रतिभा को बखूबी दिखाया। जिसमें हरियाणवी संस्कृति पर आधारित गीतों और नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां शामिल थी। खंड शिक्षा अधिकारी सुमन हुड्डा की अध्यक्षता में सभी स्कूल मुखिया की बैठक हुई। इसके अलावा बच्चों को सुपर 100 के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण जारी है। 24 दिसंबर को परीक्षा होगी।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर कल

**रोहतक।** एसएन जन वेलफयर एसोसिएशन द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर कल सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक सनातन धर्म हनुमान मंदिर, सुभाष नगर, रोहतक में आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समाज की सेवा के इस महत्वपूर्ण प्रयास के तहत कल का दिन पूरी तरह स्वास्थ्य जागरूकता को समर्पित रहेगा। विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, गायनेकोलॉजी और मेडिसिन विभागों की मुफ्त स्वास्थ्य परामर्श उपलब्ध होगा।

# डायलिसिस के लिए जा रहे पिता-पुत्री को ट्रक ने कुचला, चालक फरार

**किलोई-पोलंगी रोड पर हादसा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले में शनिवार सुबह एक हृदय विदारक सड़क हादसा हुआ। जिसमें बाइक पर जा रहे पिता-पुत्री की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा रोहतक के किलोई-पोलंगी रोड पर हुआ, जहां पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक (हाइवा) ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंक कर थी कि बाइक ट्रक के नीचे घुस गई और भारी वाहन का पहिया दोनों के ऊपर से निकल गया। घटना के बाद दोनों के शव बुरी तरह क्षत-विक्षत अवस्था में मिले। हादसे के तुरंत बाद ट्रक चालक वाहन को सड़क पर ही छोड़कर फरार हो गया। मृतकों की पहचान सोनीपत जिले के गांव मौजपुर फरमाना निवासी 52 वर्षीय जगदीप और उनकी करीब 14 वर्षीय बेटी दीक्षा के रूप में हुई है। दोनों सुबह रोहतक के एक निजी अस्पताल में डायलिसिस करवाने के लिए निकले थे। दो साल से किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रहे जगदीप का नियमित डायलिसिस चलता था और उसी उपचार के लिए वह बेटी को साथ लेकर अस्पताल आ रहे थे।



### ट्रक के पहिए के नीचे आ गए

पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 8 बजे के आसपास पिता-पुत्री बाइक पर किलोई-पोलंगी रोड से गुजर रहे थे। पीछे से अचानक तेज रफ्तार में आया ट्रक सीधे उनकी बाइक से टकरा गया। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े और उसी क्षण ट्रक का पहिया उन पर चढ़ गया।

### शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा

पुलिस टीम ने घटनास्थल से क्षत-विक्षत शव के हिस्सों को इकट्ठा कर नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में भेजा। मौके पर बिखरे कुछ दस्तावेजों-पहचान पत्र और मेडिकल फाइलों-की मदद से मृतकों की पहचान की गई। इसके बाद पुलिस ने तुरंत परिजनों को हादसे की सूचना दी। अस्पताल पहुंचे परिवारजन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज किए और उन्हें आश्वासन दिया कि आरोपी चालक को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### 6 बेटियों के सिर से उठा पिता का साया

मृतक के भतीजे अमित ने बताया कि जगदीप खेती-बाड़ी से परिवार का पालन-पोषण करते थे। वह पिछले दो साल से किडनी की समस्या से जूझ रहे थे। नियमित डायलिसिस के लिए वह अक्सर रोहतक आते थे। हादसे के दिन भी वह अपनी चौथी नंबर की बेटी दीक्षा को साथ लेकर पॉजिट्रॉन हॉस्पिटल जा रहे थे। अमित ने बताया कि जगदीप 6 बेटियों के पिता थे। सबसे बड़ी बेटी 20 वर्ष की है और पढ़ाई कर रही है। दीक्षा 14 साल की थी और उससे छोटी दो लड़कियां अभी नाबालिग हैं। अचानक घटी इस दुर्घटना ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।

### चालक की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में यह साफ हुआ कि ट्रक तेज रफ्तार में था और चालक ने लापरवाही से वाहन चलाया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। उन्होंने कहा कि ट्रक का नंबर नोट कर लिया गया है और चालक की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि हादसे का सटीक कारण और आरोपी की पहचान पक्की की जा सके। **-सुरेंद्र सिंह**, सदर थाना प्रभारी

## एसएमओ की सीधी भर्ती का विरोध

# जिले के चिकित्सक 8 व 9 दिसंबर को रहेंगे हड़ताल पर

» *मांगें पूरी न होने पर नाराज चल रहे डॉक्टर*

» *सरकार से बातचीत में सिरे नहीं चढ़ी मांगें*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन (एचसीएमएस) और सरकार के बीच सात घंटे चली वार्ता में एक ही मांग पर सहमति बन पाई। दूसरी मांग पूरी न होने पर डॉक्टर हड़ताल पर अड़ गए हैं। सरकार सीनियर मेडिकल आफिसर (एसएमओ) की सीधी भर्ती प्रक्रिया को रोकने पर राजी हो गई है, लेकिन एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन (एसीपी) की मांग पर सहमति नहीं बना पाई। जिसकी वजह से चिकित्सकों में रोष व्याप्त है। जब तक उनकी दूसरी मांग पूरी नहीं होती, तब तक वे 8 और 9 दिसंबर को पूर्व घोषित हड़ताल के फैसले पर डटे हुए हैं। इस दौरान ओपीडी, आपातकालीन, इंडोर, लैबोरेट्री एवं पोस्टमार्टम की सेवाएं बंद रहेंगी। इकी वजह से हजारों मरीजों को उपचार करवाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

रोहतक सामान्य अस्पताल में रोजाना दो हजार से ज्यादा मरीज उपचार के लिए आते हैं। जिनमें से गम्भीर रोगियों को पीजीआई भेज दिया जाता है। यदि आठ दिसम्बर से पहले सरकार मांग पूरी करती है तो हड़ताल टल सकती है। यदि 9 दिसंबर के बाद भी सरकार ने उनकी दूसरी मांग न मानी, तो 10 दिसंबर से हरियाणा के सभी चिकित्सक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।



### सरकार ने अब तक नहीं दिखाई गंभीरता

उन्होंने कहा कि एचसीएमएस डाक्टरों को केंद्र के समान चार एसीपी देने की मांग पर भी सरकार ने गंभीरता नही दिखाई है। डॉक्टरों के आंदोलन के बाद तीन एसीपी (एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन) देने पर सहमति बनी थी। ये थे पांच वर्ष पर 6600 ग्रेड पेए 10 वर्ष पर 8000 ग्रेड पे और 15 वर्ष पर 9500 ग्रेड पे। यह प्रस्ताव मुख्यमंत्री और वित्त विभाग ने स्वीकार कर लिया था लेकिन एक वर्ष बीत जाने पर भी इसकी अधिसूचना जारी नहीं की गई है। एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि सरकार खुद स्वीकृत फैसलों को भी लागू करने में कोई रुचि नहीं दिखा रही। जिसके चलते एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि आठ व नौ दिसंबर को ओपीडी, इमरजेंसी, लेबर रूम, ओटी, पोस्टमार्टम सहित सभी सेवाएं पूरी तरह बंद रहेंगी। एसोसिएशन ने कहा कि यदि इसके बाद भी सरकार ने ध्यान नहीं दिया तो 10 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी जाएगी।

### कई दौर की हो चुकी वार्ता

एसोसिएशन और राज्य सरकार के अधिकारियों के बीच तीन बार बातचीत हुई। पहले राउंड में एसोसिएशन और मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, दूसरे राउंड में एसोसिएशन और मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर व तीसरे राउंड में एसोसिएशन और स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल के बीच वार्ता हुई। इस दौरान अधिकारी एसएमओ की सीधी भर्ती पर रोक लगाने को राजी हो गए। वहीं, दूसरी मांग एसीपी पर अधिकारी सहमत नहीं हुए। हरियाणा के डॉक्टरों को पूरे करियर में तीन एसीपी मिलती है। एसोसिएशन तीन पर ही राजी है लेकिन वह इस पर अपग्रेडेशन चाहते हैं। दस साल पर उन्हें अभी 7600 ग्रेड पे मिलता है जबकि उनकी मांग आठ हजार की है। तीसरे ग्रेड पे पर 8700 मिलते हैं।

### जायज मांगें हो पूरी

डॉक्टरों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से अपील की है कि उन जैसे संवेदनशील मुख्यमंत्री को जो हर आम आदमी की मदद करते हैं, उन्हें डॉक्टरों की जायज मांगे भी समाज की भलाई के लिए पूरी कर देनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि एसएमओ को सीधी भर्ती पर रोक लगाई जाए। स्पेशलिस्ट को कंपनसेशन दिया जाए। एसपी का स्ट्रक्चर पांच, दस, 15 पर मिल रहा है। यह 4, 9, 13, 20 वर्ष पर एसीपी मिले या फिर सरकार द्वारा पिछले साल मानी गई मॉडिफाइड एसीपी सरकार जल्द से जल्द लागू करे।

## 3 बोतल, 7 अध्धे, 26 पव्वे देसी शराब बरामद, सट्टा खेलने पर भी कार्रवाई

# ऑपरेशन 'हॉटस्पॉट डोमिनेशन' के तहत अवैध शराब और सट्टा खाईवाली में दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुलिस ने अपराध और अवैध गतिविधियों पर शिकंजा कसने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। जिले में लगातार गश्त और निगरानी के दौरान पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। एक को अवैध देसी शराब रखने के आरोप में, जबकि दूसरे को सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खाईवाली करते हुए दबोचा गया। दोनों मामलों में पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



### शराब सहित गिरफ्तार

थाना शिवाजी कॉलोनी पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को शक के आधार पर काबू किया। प्रभारी थाना राकेश सैनी ने बताया कि पुलिस टीम डाबर वाली गौंडी, सुनारिया कला क्षेत्र में सामान्य जांच व गश्त पर थी। इसी दौरान एक युवक पुलिस टीम को देखकर घबराया, जिसके पर पुलिस ने उसे रोका। नियमानुसार तलाशी लेने पर युवक के पास से 3 बोतल, 7 अध्धे तथा 26 पव्वे देसी शराब बरामद हुई। वहीं, आरोपी की पहचान जोगेंद्र निवासी सुनारिया कला के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि ऑपरेशन के दौरान ऐसे अवैध कारोबारियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और किसी भी प्रकार की अवैध शराब तस्करी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### सट्टे में दांव पर लगे थे 485 रुपये, बरामद

दूसरी बड़ी कार्रवाई थाना कलानौर पुलिस ने की। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस चौकी शहर कलानौर की टीम निगाना मोड़ के पास गश्त पर थी। इसी दौरान एक युवक संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त दिखाई दिया। जब पुलिस ने जांच की तो पाया कि युवक सार्वजनिक स्थान पर लोगों से पैसा लेकर सट्टा खाईवाली कर रहा था। आरोपी की पहचान रामकिशन निवासी कलानौर के रूप में हुई है। उसके पास से 485 रुपये जो सट्टे में दांव पर लगे थे बरामद किए गए। आरोपी के खिलाफ भी संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### अपराधियों पर कड़ा प्रहार

पुलिस द्वारा चलाया जा रहा यह विशेष अभियान शहर में अपराध, अवैध शराब तस्करी, जुआ-सट्टा और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों को खत्म करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत पुलिस टीमों को हॉटस्पॉट क्षेत्रों में लगातार गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस का कहना है कि किसी भी अवैध गतिविधि में शामिल लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और अभियान आगे भी कड़े रूप में जारी रहेगा।

# महिला बॉक्सिंग में नैना ने 81 किग्रा भार वर्ग में जीता स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

राजस्थान के भरतपुर में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में महिला बॉक्सिंग के 81 किलोग्राम भार वर्ग में नैना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में नैना ने बेहतरीन तकनीक, तेज पंच और मजबूत रणनीति का परिचय दिया, जिसके दम पर उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी को मात देकर क्षेत्र व विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। स्वर्ण पदक जीतने के बाद नैना ने कहा कि उनकी यह सफलता उनके कोच सुधीर हुड्डा के निरंतर मार्गदर्शन, प्रेरणा और कठोर प्रशिक्षण का परिणाम है। उन्होंने बताया कि लगातार मेहनत और आत्मविश्वास ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। कोच सुधीर हुड्डा ने नैना की उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि वह बेहद अनुशासित और समर्पित खिलाड़ी हैं। उनकी मेहनत ने उन्हें इस बड़ी जीत का हकदार बनाया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नैना भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी देश का नाम रोशन करेगी। नैना की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और सभी ने उनकी जीत पर शुभकामनाएं दी हैं।



## एसआईआर के विरोध में 10 दिसंबर को सौंपे जाएंगे ज्ञापन

**रोहतक।** केंद्र सरकार द्वारा नागरिकों के वोट काटने को लेकर की जा रही एसआईआर प्रक्रिया के विरोध में सीपीडीआरएस (सेंटर फॉर प्रोटेक्शन ऑफ डेमोक्रेटिक राइट्स एंड सेक्युलरिज्म) ने पूरे देश में अभियान शुरू किया है। इसी कड़ी में 10 दिसंबर, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर हरियाणा के विभिन्न जिला मुख्यालयों पर उपायुक्तों के माध्यम से मुख्य चुनाव अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। सीपीडीआरएस का कहना है कि एसआईआर के नाम पर नागरिकों पर अनावश्यक शर्तें थोपकर वोट काटे जाने की योजना बनाई जा रही है, जबकि राशन कार्ड, वोटर कार्ड और आधार जैसे दस्तावेजों को प्रक्रिया से बाहर रखकर आम लोगों को परेशान किया जा रहा है।

**स्वास्थ्य जागरूकता** | बच्चों में स्कूली स्तर पर हो मायोपिया की जांच : डॉ. एच के अग्रवाल

# मायोपिया एक गंभीर समस्या जो बच्चों की दृष्टि को कर सकती है प्रभावित

*डॉ उर्मिला चावला बनी स्पोसी की प्रेसिडेंट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय नेत्र विज्ञान संस्थान द्वारा रोहतक ओप्थाल्मालॉजिकल सोसायटी और हरियाणा ओप्थाल्मालॉजिकल सोसाइटी के सहयोग से स्ट्रॉबिसमस पीडियाट्रिक ओप्थाल्मालॉजिकल सोसायटी ऑफ़ इंडिया की तीन दिवसीय 12वीं राष्ट्रीय कांफ्रेंस का शनिवार को पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर एच के अग्रवाल ने औपचारिक रूप से शुभारंभ किया। मंच का संचालन डॉ उर्मिल चावला व डॉ रीना गुप्ता ने किया।

कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने बच्चों में स्कूल स्तर पर मायोपिया की जांच कराने पर जोर दिया है। उनका कहना है कि मायोपिया एक गंभीर समस्या है जो बच्चों की दृष्टि को प्रभावित कर सकती है। यदि समय पर इसका इलाज नहीं किया जाता है, तो यह आगे चलकर गंभीर नेत्र रोगों का कारण बन सकता है।

डॉ उर्मिल चावला ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा स्पोसी के लिए बेहतरीन काम करें और से नई ऊंचाइयों पर ले जाएं। उन्होंने कहा कि स्पोसी के लिए डॉ ए के खुराना ने अहम भूमिका निभाई थी। कॉन्फ्रेंस के सीनियर ऑर्गेनाइजिंग चेयरपर्सन डॉ आरएस चौहान ने कहा कि 5 से 7 दिसंबर तक चलने वाली इस कॉन्फ्रेंस में कई प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। डॉ जी सी गुलाटी ने इस विभाग को बनाया था। कार्यक्रम में डॉ पीके पांडेय द्वारा सपोसी जर्नल रिलीज करवाई गई।डॉक्टर निभा पासी ने बताया कि आज खुराना पब्लिकेशन सहित कई अवार्ड प्रदान किए गए। डॉ निभा ने कहा कि आज कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। डॉ योगेश शुक्ला ने कॉन्फ्रेंस के बारे में बताया।




**रोहतक।** स्वास्थ्य जागरूकता संबंधीकार्यक्रम में मौजूद कुलपित डॉ. एचके अग्रवाल व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### बच्चों को नेत्र परीक्षण करवाना चाहिए

डॉ. अग्रवाल ने बताया कि मायोपिया के लक्षणों में दूर की वस्तुओं को धुंधला दिखना, आंखों में तनाव, सिरदर्द और पढ़ने में कठिनाई शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को नियमित रूप से नेत्र परीक्षण करवाना चाहिए, खासकर 6 वर्ष की आयु से पहले । आगे कहा कि बहुत खुशी की बात है कि पीजीआईएमएस में यह कॉन्फ्रेंस हो रही है। इस कॉन्फ्रेंस की थीम बहुत अच्छी है। उन्होंने कहा कि आज इस कॉन्फ्रेंस से हमें एडवांस तकनीक सीखने को मिलेंगी। उन्होंने विशेष जोर देते हुए कहा कि हमें ब्लाइंडनेस को दूर करने में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करना होगा।

### आयोजकों को कॉन्फ्रेंस के लिए बधाई दी

कुलसचिव डॉ रूप सिंह ने आयोजकों को कॉन्फ्रेंस के लिए बधाई देते हुए कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। मैंने बताया कि यह कॉन्फ्रेंस बच्चों के लिए बहुत अच्छी रहेगी जिन्हें विजन डिसऑर्डर है। डॉ उर्मिल चावला को स्टारबिस्मस एंड पीडियाट्रिक्स ओप्थाल्मोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया का अध्यक्ष बनाया गया। उन्होंने आज एसोसिएशन का पदभार संभाला।

डॉ विल्सन ने कहा कि बहुत उच्च श्रेणी की कॉन्फ्रेंस करवाने के लिए डॉ उर्मिल चावला और उनकी टीम बधाई की पात्र हैं। कार्यक्रम के अंत में डॉ रीना गुप्ता ने सभी का धन्यवाद व्यक्त किया।जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉ वरुण अरोड़ा ने बताया कि सीनियर रेजिडेंट डॉ सोनम गिल ने अपनी सुंदर प्रस्तुति से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

# हरियाणवी परिधानों में भात भरने पहुंचे पार्षद दंपति

*पुरानी रीतियों से दिया संस्कृति संरक्षण का संदेश*

■ परंपरागत वेशभूषा में दिखाई अनोखी झलक, ट्रैक्टर ट्राली में बैठ बहन के घर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा की पारंपरिक संस्कृति को जीवंत रखने का संदेश देते हुए वार्ड-10 की पार्षद मनीषा नांदल और पार्षद प्रतिनिधि सुमित नांदल शनिवार को अपनी बहन के घर शादी में भात भरने के लिए पुराने समय की रीतियों के अनुसार ट्रैक्टर ट्राली में बैठकर पहुंचे। आधुनिक दौर में जहां अधिकांश लोग शादियों में गाड़ियों से जाते हैं और आधुनिक लुक अपनाते हैं, वहीं नांदल दंपती ने चौपाल संस्कृति और देसी परिधान की छाप छोड़ते हुए परंपरागत अंदाज में भात भरने का निर्णय लिया। पार्षद प्रतिनिधी सुमित नांदल ने बताया कि भात भरने के अवसर पर सभी पुरुष और बच्चों ने कुर्ता, धोती और हरियाणवी पगड़ी धारण की, जो ग्रामीण संस्कृति की पहचान मानी जाती है। वहीं महिलाओं ने दामन, कुर्ता और सिर पर पारंपरिक बोरला पहनकर हरियाणवी परिधानों की खूबसूरती को उजागर किया। इन परिधानों में सजा पूरा परिवार जब ट्रैक्टर-ट्रॉली से रवाना हुआ तो यह नजारा लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बन गया।






### पारंपरिक रीति-रिवाज और पहनावा हमारी पहचान

पार्षद मनीषा नांदल ने कहा कि आज के समय में शादियों में आधुनिकता जरूर बढ़ी है, लेकिन पारंपरिक रीति-रिवाज और पहनावा हमारी पहचान हैं, जिन्हें बचाए रखना आवश्यक है। उनका उद्देश्य लोगों के बीच यह संदेश देना था कि अपनी संस्कृति सिर्फ किताबों में ही न रहे बल्कि जीवन शैली में भी अपनाई जाए। सुमित नांदल ने बताया कि हरियाणवी वेशभूषा और रीति-रिवाजों को अपनाने से न केवल अपनापन बढ़ता है बल्कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा भी मिलती है। चाहे समय कितना भी बदल जाए, अपनी मिट्टी, भाषा और परिधान को सम्मान देना हरियाणवी समाज की सबसे बड़ी पहचान है।




हमारे देश में सोना हमेशा से ही धन और सुरक्षा का प्रतीक रहा है, लेकिन बदलते समय के साथ सोने में निवेश का तरीका भी बदल रहा है। अब सोने को घर में रखने, सुरक्षा की चिंता करने या मेकिंग चार्ज और जीएसटी भरने की जरूरत नहीं, क्योंकि गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड ने निवेशकों के लिए एक मॉडर्न, आसान और बिना झंझट वाला रास्ता खोल दिया है।

## निवेश का नया ट्रेंड : स्मार्ट निवेशकों की पहली पसंद

# गोल्ड ईटीएफ व फंड का धमाल

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

हमारे देश में सोना हमेशा से ही धन और सुरक्षा का प्रतीक रहा है, लेकिन बदलते समय के साथ सोने में निवेश का तरीका भी बदल रहा है। अब सोने को घर में रखने, सुरक्षा की चिंता करने या मेकिंग चार्ज और जीएसटी भरने की जरूरत नहीं, क्योंकि गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड ने निवेशकों के लिए एक मॉडर्न, आसान और बिना झंझट वाला रास्ता खोल दिया है। कम खर्च, ऑनलाइन ट्रेडिंग की सुविधा और टैक्स के बड़े फायदे इन दोनों को आज के स्मार्ट निवेशकों के बीच सबसे लोकप्रिय विकल्प बना रहे हैं। जानकारों का कहना है कि भारत में सोना सिर्फ निवेश नहीं, बल्कि समृद्धि और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। पहले लोग ज्यादातर जेवर, सिक्के या सोने की ईंटें (बार) खरीदकर ही निवेश करते थे, क्योंकि यही आम तरीका था, लेकिन अब समय बदल गया है। आज ऐसे विकल्प मौजूद हैं, जिनमें न तो सोना घर पर रखने की जरूरत है और न ही सुरक्षा की चिंता रहती है। गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड दोनों विकल्प सोने में निवेश को आसान, सुरक्षित, और बिना झंझट वाला बना देते हैं। आप इन्हें शेयर की तरह ही मार्केट के खुले होने पर कभी भी खरीद-बेच सकते हैं।

- एक गोल्ड ईटीएफ यूनिट का मतलब एक ग्राम सोने का 10वां हिस्सा
- इन यूनिट्स को एनएसई और बीएसई जैसी स्टॉक एक्सचेंजों पर खरीद या बेच सकेंगे
- सोना हमेशा से धन और सुरक्षा का प्रतीक रहा, अब निवेश का तरीका भी बदल गया
- अब सोने को घर में रखने, सुरक्षा की चिंता करने या मेकिंग चार्ज और जीएसटी भरना जरूरी नहीं
- गोल्ड ईटीएफ व फंड निवेशकों के लिए एक मॉडर्न, आसान और बिना झंझट वाला रास्ता खोला



### गोल्ड ईटीएफ में निवेश आसान

गोल्ड ईटीएफ में निवेश करना बहुत आसान होता है। आप इन्हें मार्केट के समय के दौरान तुरंत खरीद या बेच सकते हैं। इन पर लगने वाला सालाना खर्च भी कम होता है, करीब लगभग 0.50%। यह उन लोगों के लिए बेहतर विकल्प है, जो सोने की कीमत में होने वाले उतार-चढ़ाव का फायदा लेना चाहते हैं, बिना इस चिंता के कि सोना घर पर कैसे रखें या उसकी सुरक्षा कैसे करें।

### क्यों बेहतर हैं गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड

ये सस्ते होते हैं, खरीदना-बेचना आसान है, चोरी या स्टोरेज की चिंता नहीं, फिजिकल गोल्ड के झंझट (मेकिंग चार्ज, जीएसटी, सेफ्टी) पूरी तरह खत्म रहता है। इसके अलावा, आपको सोने का वही पारंपरिक फायदा भी मिलता है, जैसे महंगाई से बचाव, समय के साथ सोने का मूल्य स्थिर रहता है, अगर आप सोने में एक मॉडर्न, सुरक्षित और बिना झंझट वाला तरीका चाहते हैं, तो गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड सबसे बेहतर विकल्प नजर आते हैं।

### क्या इनकी सबसे बड़ी खासियत

- मेकिंग चार्ज नहीं लगता
- स्टोरेज की कोई दिक्कत नहीं
- चोरी या सुरक्षा की चिंता नहीं
- असली सोने की तुलना में कम खर्चे
- अगर आप सोने में निवेश को सिंपल और एफिशिएंट रखना चाहते हैं, तो ईटीएफ और फंड ऑफ फंड बेहतरीन विकल्प हैं।

### एक गोल्ड ईटीएफ का क्या होता है मतलब

- एक गोल्ड ईटीएफ यूनिट का मतलब होता है एक ग्राम सोने का दसवां हिस्सा, जिसे बैंक के सुरक्षित वॉल्ट में रखा जाता है। आप इन यूनिट्स को एनएसईऔर बीएसई जैसी स्टॉक एक्सचेंजों पर खरीद या बेच सकते हैं।

### गोल्ड फंड ऑफ फंड

- अगर आपके पास डीमैट अकाउंट नहीं है, या आप चीजों को और भी आसान रखना चाहते हैं, तो गोल्ड फंड ऑफ फंड अच्छा विकल्प है। ये फंड ज्यादातर पैसा गोल्ड ईटीएफ में ही निवेश करते हैं। मतलब आपको सोने का फायदा मिलता है, पर कोई स्टोरेज या सिक्योरिटी की टेंशन नहीं रहती।

### कम पैसों से निवेश की सुविधा

- गोल्ड फंड्स में सिर्फ 500 रुपये प्रति महीना एसआईपी से निवेश शुरू कर सकते हैं। इनके खर्च (एक्सपेंस रेश्यो), ईटीएफ के मुकाबले कुछ ज्यादा होते हैं, कुल मिलाकर करीब 1%, क्योंकि इनमें ईटीएफ का खर्च भी शामिल होता है, लेकिन इसका फायदा यह है कि डीमैट की जरूरत नहीं होती।

## शेयर और प्रॉपर्टी से लेकर रिटायरमेंट तक

# बेहद कारगर है 7 फीसदी का रूल

- इस नियम से शेयर में नुकसान कम करने में मदद मिलती है
- रिटायरमेंट प्लानिंग और रियल एस्टेट इनवेस्टमेंट में भी करता है सहायता
- निवेश से पहले जान लें तरीका, आंख बंद करके फॉलो न करें कोई नियम

सुझाव

बिजनेस डेस्क

निवेश से जुड़े फैसले करना जितना आसान लगता है, उतना है नहीं। गलत फैसले कभी-कभी पूरी प्लानिंग बिगाड़ देते हैं। इसलिए कई पॉपुलर इनवेस्टमेंट रूल यानी निवेश के नियम इस्तेमाल किए जाते हैं, ताकि फैसले करना आसान हो सके। ऐसा ही एक नियम है "7% रूल" यानी 7% का नियम. यह एक ऐसा रूल है, जिसे शेयर बाजार ट्रेडिंग से लेकर रिटायरमेंट प्लानिंग और रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट तक, इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन ऐसे किसी भी नियम को सिर्फ एक इंडिकेटिव टूल की तरह लेना चाहिए, इन्हें आंख मूंदकर फॉलो करना ठीक नहीं होता।

### शेयर बाजार में सात प्रतिशत का रूल

ट्रेडिंग करते समय भावनाओं में बहकर फैसला करना सही नहीं होता। कई बार हमारे स्टॉक्स या निवेश की कीमत गिरती रहती है, लेकिन हम स्टॉप लॉस पर अमल करने की जगह रिकवरी की उम्मीद में इंतजार करते रह जाते हैं। इस चक्कर में कई बार बड़ा नुकसान हो जाता है। स्टॉक मार्केट इनवेस्टमें में 7% रूल का मतलब यह है कि आपने कोई शेयर जिस प्राइस पर खरीदा है, उससे 7% नीचे गिरने पर उसे बेच दें, यानी 7% का स्टॉप लॉस लगाएं, इससे आप अपनी पूंजी को आगे चलकर होने वाले बड़े नुकसान से बचा पाएंगे। यहां 7% की लिमिट इसलिए रखी गई है, क्योंकि आंकड़ों पर आधारित कई रिसर्च में यह पाया गया है कि बाजार में माहौल सामान्य हो, तो कोई शेयर 7-8% से ज्यादा गिरने का मतलब उस कंपनी में कोई गंभीर दिक्कत हो सकता है। यानी यह लेवल एक अलार्म की तरह काम करता है। इस नियम से ट्रेडिंग में डिसिप्लिन आता है और भावनाओं को कंट्रोल करके सही फैसला किया जा सकता है।



### स्टॉक मार्केट और शेयर की चाल देखकर करें फैसला

हालांकि हर शेयर एक जैसा नहीं होता। कुछ ज्यादा उतार-चढ़ाव वाले होते हैं। ऐसे में 7% की जगह कभी-कभी 8-10% की दूरी रखनी पड़ सकती है, जबकि स्टेबल ब्लू-चिप स्टॉक्स के लिए 7% काफी है। यानी रूल वही है, लेकिन उसका इस्तेमाल स्टॉक मार्केट और शेयर की चाल देखकर करना चाहिए।

### रिटायरमेंट प्लानिंग में 7% विदड्रॉल रूल

रिटायरमेंट प्लानिंग करते समय एक बड़ा सवाल ये होता है कि रिटायरमेंट फंड में जमा पैसे कितने साल तक चल पाएंगे? इस सवाल का जवाब देने में भी 7% का रूल इस्तेमाल किया जाता है। यहां इस रूल का मतलब है कि आप अपनी कुल रिटायरमेंट सेविंग का 7% हिस्सा पहले साल में निकाल सकते हैं। यानी अगर आपके पास 1 करोड़ रुपये हैं, तो पहले साल 7 लाख रुपये निकाल सकते हैं। इसके बाद हर साल महंगाई के असर को देखते हुए थोड़ी बढ़ोतरी कर सकते हैं।

### रिटायरमेंट प्लानिंग में 7% विदड्रॉल रूल कितना सही

हालांकि रिटायरमेंट प्लानिंग के मामले में 7% विदड्रॉल का रूल बहुत एग्रेसिव माना जा सकता है। अगर कॉर्पस की बची रकम पर रिटर्न थोड़ा कम मिले या बाजार में गिरावट आ जाए तो इतना ज्यादा पैसा निकालना आपके फंड को जल्दी खत्म कर सकता है। खासकर अगर रिटायरमेंट के बाद लंबे समय तक उस फंड पर निर्भर रहना हो। आमतौर पर 4% विदड्रॉल बेहतर और लॉन्ग टर्म के लिए ज्यादा सुरक्षित माना जाता है. यानी 7% रूल को आंख मूंदकर फॉलो करने की जगह निवेश पर मिल रहे रिटर्न और आगे की जरूरतों को ध्यान में रखकर फैसला करना चाहिए।

### प्रॉपर्टी सेलेक्शन में 7% रिटर्न का रूल

अगर आप किराये पर देने के लिए प्रॉपर्टी खरीदना चाहते हैं, तो इस रूल से तुरंत अंदाजा लग जाता है कि डील फायदेमंद है या नहीं। इसके अनुसार किसी भी प्रॉपर्टी से एक साल में मिलने वाली रेंटल इनकम प्रॉपर्टी की वैल्यू के कम से कम 7% के बराबर होनी चाहिए। यानी अगर किसी घर या दुकान की कीमत 1 करोड़ रुपये है, तो उससे एक साल में कम से कम 7 लाख रुपये किराया मिलना चाहिए। यह रूल प्रॉपर्टी खरीदते समय अच्छे ऑप्शन की पहचान करना आसान बनाता है।

### रूल से सिर्फ मदद लें, फैसला खुद करें

7% रूल शेयर बाजार, प्रॉपर्टी परचेज और रिटायरमेंट जैसे तीन बड़े आर्थिक फैसलों में आपकी मदद कर सकता है, लेकिन हर व्यक्ति की आर्थिक स्थिति, उम्र और जोखिम उठाने की क्षमता अलग-अलग होती है। इसके अलावा मार्केट कंडीशन्स और भविष्य की संभावनाओं पर आधारित आउटलुक भी बदलते रहते हैं, इसलिए इस रूल को समझकर, जरूरत के हिसाब से एडजस्ट करके चलें, निवेश के बारे में सही फैसला तभी ले पाएंगे, जब किसी नियम पर आंख बंद करके यकीन करने की जगह सभी पहलुओं पर विचार करके कदम उठाएंगे।

## लग्जरी लाइफ या ईएमआई का मकड़जाल

# किसी मुगालते में तो नहीं जी रहे आप

- अमीरी सिर्फ दिखावे की तो नहीं, ये रेड फ्लैग देखकर हो जाएं अलर्ट
- ईएमआई और बीपीएनएल की मदद से अमीरों जैसे दिखने का प्रयास ने करें
- इस तरह तो कर्ज में ही फंसे रहेंगे आप, नहीं मिलेगी कहीं भी राहत
- सैलरी ईएमआई, क्रेडिट कार्ड बिल और उधारी में खत्म होना ठीक नहीं



सतर्कता

बिजनेस डेस्क

अगर आप भी सिर्फ दिखावे के लिए लग्जरी लाइफ जी रहे हैं और अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए लोन और कर्ज पर निर्भर हैं तो सावधान हो जाएं, आप कर्ज के मकड़जाल में फंसते जा रहे हैं। यह आपके जीवन को तबाह कर सकता है। मसलन दिखावे की अमीरी के लिए आप बैंक से लोन ले रहे हैं, बेहताशा क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल कर रहे हैं या फाइनेंसरों के जाल में फंस रहे हैं तो यह किसी भी नजरिये से ठीक नहीं हैं। सोशल मीडिया पर ट्रैवल फोटो, नई कार, ब्रांडेड फोन और फैशन देखकर लगता है कि बाकी सब लाइफ में मस्त हैं और आप पीछे रह गए हैं। इसके बाद शुरुआत होती है ईएमआई, क्रेडिट कार्ड और बीएनपीएल की दुनिया। यही मुगालता आपको कर्ज में फंसता है और इससे निकलना काफी मुश्किल हो जाता है। चूंकि व्यक्ति एक लोन चुकाने के लिए दूसरा लेता है, फिर तीसरा और एक दिन ऐसा आता है जब कर्ज उतारना ही मुश्किल हो जाता है और यह कर्ज का मकड़जाल व्यक्ति को आत्महत्या करने तक विवश कर देता है।

### फंसते जाएंगे कर्ज के दल-दल में

देखने में यह सब आसान लगता है, लेकिन धीरे-धीरे ये आदत कर्ज के दलदल की तरफ ले जाती है। अगर आप भी बिना सोचे-समझे ऐसी चीजें खरीद रहे हैं जो आपकी सैलरी अफोर्ड नहीं कर सकती, तो यकीन मानिए ये लाइफस्टाइल दिखने में ग्लैमरस है, लेकिन आपके फाइनेंशियल फ्यूचर के लिए बहुत खतरनाक।

### एक कर्ज चुकाने के लिए दूसरा कर्ज लेना

ये बहुत बड़ा अलर्ट है। अगर आप क्रेडिट कार्ड का बिल दूसरे कार्ड से भर रहे हैं, पर्सनल लोन की किस्त बीएनपीएल से दे रहे हैं, दोस्तों से उधार लेकर मिनिमम ड्यू भर रहे हैं तो समझ लीजिए, आप कर्ज के चक्रव्यूह में फंस चुके हैं। समय रहते यदि इस कर्ज के चक्रव्यूह से नहीं निकले तो आपको भारी परेशानियों का समना करना पड़ सकता है। इसलिए पहले से ही सावधान हो जाएं और एक कर्ज चुकाने के लिए दूसरा कर्ज न लें।

### ईएमआई में जा रहा सैलरी का 40% या उससे ज्यादा हिस्सा


अगर आपकी सैलरी 60,000 रुपये है, तो ईएमआई 24,000 रुपये से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। अगर आपकी रुपये इससे ज्यादा है, तो इसका मतलब है कि आपकी लाइफस्टाइल आपकी सैलरी से बड़ी है, और ये सीधा जोखिम है।

### आपके पास 3-6 माह के खर्च जितना इमरजेंसी फंड नहीं

असली अमीरी ब्रांड्स में नहीं, बल्कि इस बात में है कि अगर कल नौकरी चली जाए तो आप बिना उधार लिए जी सकें। अगर आपके पास 3 महीने का खर्च भी सेव नहीं है, तो आपकी 'अमीरी' सिर्फ दिखावा है। इसलिए दिखावे से पहले बचत की आदत डालें।

### सैलरी आते ही खत्म हो रही

अगर सैलरी आने से पहले ही तय हो चुका है कि वो ईएमआई, कार्ड और बिलों में चली जाएगी और आपके लिए कुछ नहीं बचेगा, तो ये साफ संकेत है कि आप पे-चेक टू पे-चेक में जी रहे हैं। इसका मतलब है कि आप पैसों को नहीं, पैसे आपको कंट्रोल कर रहे हैं। ऐसे हालात से भी आपका बचना बेहद जरूरी है।




समझदारी

बिजनेस डेस्क

# छोटे-छोटे निवेश करके भी तैयार कर सकते हैं बड़ा फंड

- तीस हजार की सैलरी में भी बना सकते हैं 10 लाख का फंड
- थोड़ा संयम और सावधानी से करना होगा निवेश
- नियमित बचत से आप अपना भविष्य कर सकते हैं सुरक्षित

अगर आपकी आमदनी कम है और आप बचत करना चाहते हैं तो छोटा सा निवेश करके भी आसानी से 10 लाख रुपये तक का फंड जुटा सकते हैं, इससे आपको परेशानी भी नहीं होगी और आप अपनी जरूरत के हिसाब से फंड जुटा पाएंगे। इसके लिए आपको थोड़ा संयम बरताना होगा और वित्तीय योजना भी बनानी होगी। तभी आप अपने निवेश के मकसद में सफल हो पाएंगे। भविष्य में आने वाली मुश्किलों से बचने के लिए आर्थिक रूप से स्थिर होना बेहद आवश्यक है। कम सैलरी होने पर भी छोटे-छोटे निवेश करके एक बड़ा फंड बनाया जा सकता है। नियमित बचत से भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। आज के समय में बचत बेहद जरूरी है। जीवन में कभी भी वित्तीय परेशानी आ सकती है। इस वित्तीय परेशानी से आपको बचत ही बचा सकती है, लेकिन कम सैलरी में सेविंग करना मुश्किल है। बहुत से फ्रेशर्स या युवाओं को शुरुआती सैलरी 30 हजार के आसपास मिलती है। लेकिन युवा इस सैलरी में भी आसानी से अपने लिए दस लाख रुपये तक का फंड एकत्र कर सकते हैं। इस रिपोर्ट में हमने कैलकुलेशन के दौरान मासिक सैलरी 30 हजार मानी है। 30 हजार मासिक सैलरी में खर्चों के साथ सेविंग करना मुश्किल है, लेकिन असंभव नहीं।



### 50:30:20 फॉर्मूला अपनाएं

आप सैलरी मैनेज के लिए 50:30:20 फॉर्मूला का इस्तेमाल कर सकते हैं।

- **50 फीसदी-** सैलरी का 50 फीसदी पैसा जरूरी खर्चों के लिए इस्तेमाल करें। 30 हजार सैलरी में आप 15 हजार अपने जरूरी खर्चे जैसे बिजली का बिल, राशन, किराया इत्यादि के लिए कर सकते हैं।
- **30 फीसदी-** इसके साथ ही 30 फीसदी पैसा आप सेविंग के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। 30 हजार रुपये से 9000 हजार रुपये आप सेविंग के लिए उपयोग कर सकते हैं।
- **20 फीसदी-** बाकी का बचा 20 फीसदी पैसा आप अपने शौक या मनोरंजन के लिए उपयोग कर सकते हैं।
- 30 हजार में आप 6000 रुपये आप मूवी देखना, नए कपड़े लेना इत्यादि ऐसे कामों के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।

### 9000 रुपये से कैसे बनाए 10 लाख रुपये का फंड?

जैसे की हमने ऊपर देखा कि आप 30 हजार सैलरी से आसानी से 9000 रुपये बचा सकते हैं। लेकिन आप 9000 रुपये पूरे म्यूचुअल फंड में निवेश न करें। आप इनमें से 5000 रुपये म्यूचुअल फंड और बाकी के 4000 रुपये आरडी या अन्य सुरक्षित स्कीम में निवेश करें। इससे आपका पोर्टफोलियो बैलेंस बनता है।

### म्यूचुअल फंड

- म्यूचुअल फंड में करें 5000 रुपये निवेश
- अगर आप 8 साल के लिए हर महीने 5000 रुपये निवेश करते हैं, तो 12 फीसदी रिटर्न के हिसाब से आपको 8,08,000 रुपये मिल जाएंगे। आपका केवल मूलधन ही 4,80,000 रुपये होगा।

### आरडी में करें 4000 रुपये



इसी तरह आप एसबीआई की आरडी में 6 साल के लिए हर महीने 4000 रुपये निवेश कर सकते हैं। 7.5 फीसदी रिटर्न के हिसाब से आपको मैच्योरिटी पर 3,64,580 रुपये मिल जाएंगे। इस तरह से आप 8 साल में ही 10 लाख रुपये का फंड आसानी से बना सकते हैं।

जानकारी

बिजनेस डेस्क

# क्रेडिट स्कोर को बढ़ाने के 5 आसान और असरदार तरीके

अगर आप भी अपना सिबिल स्कोर सुधारना चाहते हैं तो कुछ तरीकों को अपनाना होगा। तभी आप इसे दुरूस्त कर सकते हैं। सिबिल स्कोर आपकी वित्तीय जिम्मेदारी का आईना होता है। इसे बढ़ाने के लिए बिल समय पर चुकाएं, क्रेडिट का कम इस्तेमाल करें, बार-बार लोन न लें, अलग-अलग प्रकार के क्रेडिट रखें और रिपोर्ट नियमित चेक करें। इन आसान आदतों से आपका स्कोर मजबूत होगा और लोन आसानी से मिलेगा। क्या आप जानते हैं कि आपका सिबिल स्कोर आपके पैसे की जिम्मेदारी दिखाता है? यह सिर्फ नंबर नहीं, बल्कि आपकी वित्तीय आदतों का आईना है। एक अच्छा स्कोर होने से आप लोन या क्रेडिट कार्ड आसानी से पा सकते हैं और कम ब्याज दर का फायदा उठा सकते हैं। आइए उन आसान तरीकों के बारे में जानते हैं कि कैसे आप अपना सिबिल स्कोर बढ़ा सकते हैं और अपने वित्तीय भविष्य को मजबूत बना सकते हैं। सबसे जरूरी है कि आप अपने सभी बिल (ईएमआई , क्रेडिट कार्ड) समय पर चुकाएं। देर से पेमेंट करने से आपका स्कोर गिर सकता है। इसके लिए आप रिमाइंडर सेट कर सकते हैं या ऑटो-पे ऑप्शन का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### क्रेडिट का कम इस्तेमाल करें

अपने क्रेडिट कार्ड की पूरी लिमिट इस्तेमाल करना सही नहीं है। कोशिश करें कि आप अपनी लिमिट का केवल 30% ही इस्तेमाल करें। इससे बैंक और लोन देने वाले यह समझेंगे कि आप पैसे जिम्मेदारी से खर्च करते हैं।

### बार-बार लोन के लिए न करें आवेदन

जब आप बार-बार नया लोन या क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करते हैं, तो यह आपके स्कोर पर असर डाल सकता है। इसलिए जरूरत पड़ने पर ही आवेदन करें और ज्यादा बार आवेदन न करें।

### अलग-अलग प्रकार के क्रेडिट रखे

एक अच्छा क्रेडिट प्रोफाइल बनाने के लिए सिक्योर्ड लोन (जैसे होम लोन, कार लोन) और अनसिक्योर्ड लोन (जैसे पर्सनल लोन, क्रेडिट कार्ड) दोनों होना चाहिए। यह दिखाता है कि आप अलग-अलग तरह के लोन को संभाल सकते हैं।

### क्रेडिट रिपोर्ट समय-समय करें चेक

अपनी क्रेडिट रिपोर्ट को हर कुछ महीनों में देखें। अगर कोई गलती या डुप्लिकेट अकाउंट हो तो तुरंत सुधार कराएं। सही जानकारी होने से आपका स्कोर सुरक्षित रहता है।

### क्या है क्रेडिट स्कोर

क्रेडिट स्कोर एक संख्या होती है जो आपकी क्रेडिट योग्यता को दर्शाती है। यह संख्या आपके पिछले क्रेडिट व्यवहार, जैसे कि लाने-देने की समय परता, क्रेडिट कार्ड का उपयोग, लाने-देने की मात्रा, और अन्य कारकों पर आधारित होती है। क्रेडिट स्कोर की रेंजभारत में क्रेडिट स्कोर की रेंज आमतौर पर 300 से 900 तक होती है। ज्यादा स्कोर अच्छा माना जाता है।

- **750 से ऊपर**: अच्छा क्रेडिट स्कोर (लाने-देने की अच्छी संभावना)
- **700-749**: औसत से अच्छा
- **600-699**: औसत
- **600 से नीचे**: खराब क्रेडिट स्कोर (लाने-देने में दिक्कत)

### क्रेडिट स्कोर को प्रभावित करने वाले कारक

1. पेमेंट हिस्ट्री (35%): समय पर बिल और ईएमआई का भुगतान।
2. क्रेडिट यूटिलाइजेशन (30%): क्रेडिट कार्ड की सीमा का कितना उपयोग किया।
3. क्रेडिट हिस्ट्री की लंबाई (15%): क्रेडिट खाते कितने पुराने हैं।
4. क्रेडिट मिक्स (10%): विभिन्न प्रकार के क्रेडिट (कार लाने, होम लाने, क्रेडिट कार्ड)।
5. नए क्रेडिट एप्लिकेशन (10%): बार-बार लाने के लिए आवेदन करना।

### क्रेडिट स्कोर क्यों महत्वपूर्ण है?

- **लाने-देने की मंजूरी**: अच्छा स्कोर होने पर लाने आसानी से मिलते हैं।
- **कम ब्याज दर**: अच्छा स्कोर होने पर ब्याज दर कम मिलती है।
- **क्रेडिट कार्ड ऑफर**: अच्छे स्कोर पर बेहतर क्रेडिट कार्ड मिलते हैं।

### रखें ध्यान

- क्रेडिट कार्ड की सीमा का 30% से कम उपयोग करें।
- अनावश्यक क्रेडिट कार्ड बंद करें।
- बार-बार लाने के लिए आवेदन न करें।
- क्रेडिट रिपोर्ट में गलतियां होने पर सुधार करें।

## खबर संक्षेप

### किन्नरों के अधिकारों के लिए कार्यशाला आयोजित

**रोहतक।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षा नीरजा कुलवंत कलसन के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान द्वारा दिसंबर माह में चलाए जा रहे किन्नरों के अधिकारों के प्रति एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। किन्नरों के पक्ष में कार्य करने वाले एनजीओ की सदस्य ज्योति व उनकी टीम ने किन्नरों को मिलने वाले अधिकारों व सुविधाओं के बारे में अवगत कराया।

### ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर बैठक

**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में निदेशक उच्च शिक्षा, हरियाणा द्वारा मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के संबंध में एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन मीटिंग आयोजित की गई। इस बैठक में पूरे हरियाणा प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों से प्राध्यापकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सांगवान के नेतृत्व में सभी प्राध्यापकों ने इस बैठक में उपस्थिति दर्ज करवाई।

### जसबीर कुमार को भेंट की पर्यावरण पेंटिंग

**रोहतक।** राष्ट्रीय कलाकार सदा राम ने शनिवार को समाजसेवी जसबीर कुमार के निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें पर्यावरण संरक्षण विषय पर आधारित पेंटिंग भेंट की। पिलाना गांव निवासी सदा राम पिछले 60 वर्षों से कला के माध्यम से भाईचारे और भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के मिशन में जुटे हैं। कई राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित सदा राम अब तक 850 से अधिक पेंटिंग विभिन्न राजनेताओं, प्रशासनिक अधिकारियों, कलाकारों और समाजसेवियों को भेंट कर चुके हैं। फाइन आर्ट्स में डिग्री प्राप्त करने के बाद उन्होंने कई कॉलेजों में फाइन आर्ट्स के शिक्षक के रूप में कार्य किया।




### सिमर गिल ने लॉन टेनिस में जीता स्वर्ण पदक

**रोहतक।** 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स लॉन टेनिस प्रतियोगिता 2 से 6 दिसंबर 2025 तक मेयो कॉलेज गर्ल्स' स्कूल, अजमेर, राजस्थान में आयोजित हुई। हरियाणा के लिए गर्व का क्षण रहा जब रोहतक स्थित द लिटिल श्री स्कूल की कक्षा 10 की छात्रा सिमर गिल ने हरियाणा लॉन टेनिस टीम की प्रमुख खिलाड़ी के रूप में प्रतिनिधित्व किया। शानदार कौशल और निरंतर प्रदर्शन का परिचय देते हुए हरियाणा टीम पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रही और फाइनल मैच में मजबूत महाराष्ट्र टीम को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सिमर की कोच गौतम सिंह सुहाग ने बचपन से ही टेनिस के प्रति उनकी निष्ठा और जुनून की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनकी मेहनत और अनुशासन इस उपलब्धि के प्रमुख कारण हैं।

# आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि एक पूर्ण जीवन शैली : बालकनाथ योगी

■ बीएमयू में आयुर्प्रवेशिका कार्यक्रम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक




**रोहतक।** कार्यक्रम में मौजूद कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी, कुलपति प्रो. (डॉ.) बीएम यादव, रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार और प्राचार्य डॉ. नीरज कुमार खरे और विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में श्रीबाबा मस्तनाथ आयुर्वेदिक कॉलेज द्वारा आयुर्प्रवेशिका कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नए विद्यार्थियों का शिष्योपनयन संस्कार संपन्न करवाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का ध्यान खींचा।कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी, कुलपति प्रो. (डॉ.) बीएम यादव, रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार और प्राचार्य डॉ. नीरज कुमार खरे व अन्य शिक्षण भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो.(डॉ.) बीएम यादव ने कहा कि बाबा मस्तनाथ संस्थान में आयुर्वेद की परंपरा बहुत पुरानी और समृद्ध है। विश्वविद्यालय ने हमेशा शास्त्रीय ज्ञान और आधुनिक चिकित्सा अनुसंधान के संतुलन पर जोर दिया है।उन्होंने बताया कि आयुर्वेद में न केवल रोगों का उपचार है, बल्कि रोगों की रोकथाम के सिद्धांत भी हैं, जो इसे विश्व की सबसे व्यवस्थित चिकित्सा पद्धतियों में शामिल करते हैं। उन्होंने नए विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे बड़े सपने देखें, मेहनत करें और हमेशा विनम्र बने रहें। ज्ञान वही सार्थक है जो मानवता के काम आए। आयुर्वेदिक कॉलेज प्राचार्य डॉ. नीरज खरे ने कहा कि नए विद्यार्थी आयुर्वेद की परंपरा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य केवल डॉक्टर तैयार करना नहीं, बल्कि ऐसे आयुर्वेदाचार्य तैयार करना है जो समाज के स्वास्थ्य कल्याण में योगदान दें। उन्होंने यह भी कहा कि "आप सभी विद्यार्थी आयुर्वेद के मूल्यों को आगे ले जाएंगे और आने वाले समय में महाविद्यालय और विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाएंगे।

### आयुर्वेद व्यक्ति को प्रकृति के अनुरूप जीवन जीना सिखाता

कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि एक पूर्ण जीवन शैली है। यह व्यक्ति को प्रकृति के अनुरूप जीवन जीना सिखाता है। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद शरीर, मन और आत्मा के संतुलन पर आधारित है और यदि विद्यार्थी इसे सही ढंग से सीखें, तो वे न सिर्फ एक चिकित्सक बनेंगे बल्कि समाज के पथ प्रदर्शक बनेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को सुझाव दिया कि वे अपने लिए 24 घंटे का संतुलित टाइम टेबल बनाएं, जिससे अनुशासन और जागरूकता दोनों बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि जब विद्यार्थी जागरूक होता है, तो शिक्षक भी उतनी ही निष्ठा से उसका मार्गदर्शन करता है। आयुर्वेद के विद्यार्थी भविष्य के वैद्य हैं और उन्हें शिक्षा के साथ संवेदनशीलता को भी अपनाना चाहिए।कुलाधिपति ने विद्यार्थियों को चरक शपथ भी दिलाई और आयुर्वेद सेवा को मानवता की सेवा बताया।

## डॉ. अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान आज देश की बुनियाद : कुलपति

# एमडीयू में डॉ. अंबेडकर को अर्पित की सच्ची श्रद्धांजलि

### महापरिनिर्वाण दिवस पर विधि विभाग स्थित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक



,एमडीयू में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि देते शिक्षक व विद्यार्थी।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में भारत रत्न, भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनके सम्मान में विधि विभाग स्थित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने बाबा साहेब को नमन करते हुए उन्हें युग पुरुष बताया और कहा कि राष्ट्र-निर्माण में उनका योगदान अनुपम है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान आज देश की बुनियाद है और हमें उनके विचारों से निरंतर प्रेरणा लेकर संविधान की मर्म-भावना को सदैव बनाए रखना चाहिए। कुलपति ने कहा कि परिसर में बाबा साहेब की प्रतिमा पूरे वातावरण को समृद्ध करती है और उनके आदर्श आज भी पीढ़ियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। वे ज्ञान के अथाह सागर थे और शिक्षा के माध्यम से समाज के हर पहलू पर उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि हम उनके सिद्धांतों को अपनाएं और उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लें। उन्होंने यह भी घोषणा की कि विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष के दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर के समाज में योगदान पर प्रत्येक पखवाड़े विशेष व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा, ताकि छात्र-छात्राएं और शोधार्थी उनके विचारों और दर्शन को गहराई से समझ सकें।रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज के विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस.सी. मलिक ने कहा कि डॉ. अंबेडकर जैसी विभूतियां बहुत कम जन्म लेती हैं और उनका जीवन सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में प्रो. सुनीता सैनी ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। मंच संचालन प्रो. सोनू देहमीवाल ने किया। विभिन्न संकायों के डीन, निदेशक, विभागाध्यक्ष, अध्यापक, कर्मचारी तथा विद्यार्थियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। यह कार्यक्रम छात्र कल्याण विभाग, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित किया गया।



वैश्य महाविद्यालय में बाबा साहेब अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाते शिक्षक।

### वैश्य महाविद्यालय में बाबा साहेब की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय में एससी सेल एवं इक्वल ऑपर्च्युनिटी सेल के संयुक्त तत्वावधान में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी शिक्षाओं और सामाजिक न्याय हेतु दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए हुई। सेल के संयोजक डॉ. रविकांत ने जानकारी दी कि इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बाबा साहेब के संघर्ष, विचारों और समतामूलक समाज की उनकी परिकल्पना को अपने पोस्टरों के माध्यम से प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्राचार्य डॉ. फूल सिंह यादव द्वारा महाविद्यालय परिसर में भारतीय संविधान की उद्देशिका की पट्टिका का अनावरण रहा। उन्होंने विद्यार्थियों से संविधान के मूल्यों को जीवन में अपनाने और कर्तव्यों के निर्वहन के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रो. (डॉ.) संजय गुप्ता, डॉ. मोनिका गुप्ता, डॉ. सविता रंगा सहित अनेक शिक्षक मौजूद रहे।




### अंबेडकर चौक रोहतक पर लगाया रक्तदान शिविर

**रोहतक।** अंबेडकर चौक पर जन सम्मान जाग्रत मंच हरियाणा द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनके प्रति श्रद्धांजलि स्वरूप चौथा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। मंच द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी रक्त दान महादान संदेश को सार्थक करते हुए समाज में यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि रक्त किसी का भेदभाव नहीं करता और मानव जीवन बचाने में सबसे बड़ा योगदान है। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सत्यवान रंगा ने कहा कि बाबा साहेब किसी एक वर्ग या जाति के नेता नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के पथप्रदर्शक थे। उन्होंने बताया कि मंच द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने का यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। शिविर में लगभग 36 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।



### जिला बार एसोसिएशन ने बाबा साहेब को किया नमन

**रोहतक।** जिला बार एसोसिएशन द्वारा शनिवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन डॉ. भीमराव अम्बेडकर लाइब्रेरी हॉल में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संविधान निर्माण में डॉ. अम्बेडकर के ऐतिहासिक योगदान तथा सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के प्रति उनकी दूरदृष्टि को स्मरण करना था। जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरजा कुलवंत कलसन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने डॉ. अम्बेडकर के जीवन संघर्ष, शिक्षा के प्रति उनके आग्रह, वंचित समाज के उत्थान हेतु उनके प्रयासों तथा भारतीय संविधान निर्मित करने में उनकी निर्णायक भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। सभी अतिथियों, अधिवक्ताओं और न्यायिक अधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक हुड्डा, महासचिव राजकरण पंघाल आदि रहे।

## सैनी एजुकेशन सोसाइटी के नवनिर्मित भवन का हवन के साथ किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक



सैनी एजुकेशन सोसाइटी के नए भवन सैनी पब्लिक स्कूल के निर्माण कार्य की शुरुआत शनिवार को विधिवत हवन यज्ञ और भूमि पूजन के साथ की गई। समारोह में ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सैनी, नगर निगम के मेयर रामवतार वाल्मीकि और प्रधान अवनीश कुमार सैनी ने मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ में आहुति देकर नींव रखी। समारोह की विशेष बात यह रही कि समाज के बुजुर्गों ने 70 वर्ष पूर्व पुराने भवन की नींव रखे जाने की यादें ताजा कीं। उन्होंने बताया कि तब वे मात्र दस वर्ष के थे। संस्था के निरंतर विकास को देखकर कई बुजुर्ग भावुक हो उठे। भूमि पूजन के बाद उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में सैनी एजुकेशन सोसाइटी की प्रबंधन कमेटी, कॉलेज गवर्निंग बॉडी, कार्यकारिणी और कॉलेजियम सदस्यों सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इनमें सैनी कन्या स्कूल की मैनेजर ऋतुराज सैनी, मास्टर ईश्वर सिंह सैनी, सरदार हवा सिंह सैनी, जोरा सिंह बोहर, सुभाष सैनी, जोगीराम सैनी, उद्योगपति सुमेर सैनी, संदीप सैनी आदि रहे।
, रविंद्र सैनी, डॉ. रमेश सैनी, राम सिंह सैनी, सतपाल कटारिया और प्रेम किशन सैनी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर भाजपा नेताओं ने प्रदेश कार्यालय मंगलकमल में दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक



भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई द्वारा शनिवार को भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर प्रदेश कार्यालय 'मंगलकमल' में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका ने की, कार्यक्रम के संयोजक भाजपा नेता डॉ अशोक कुमार रंगा रहे। मुख्य वक्ता मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. अंबेड़कर का संघर्ष, चिंतन और दूरदृष्टि भारत के लोकतांत्रिक ढांचे, सामाजिक न्याय और समान अधिकारों की मजबूत आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी डॉ. अंबेडकर के सपनों को साकार करने के संकल्प के लिए लगातार कार्यरत हैं। उन्होंने आगे कहा कि सामाजिक न्याय, दलित उत्थान, सबका साथ–सबका विकास तथा संविधानिक मूल्यों की रक्षा इन सभी में बाबा साहेब की प्रेरणा स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। अध्यक्षीय भाषण देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका ने कहा कि डॉ अम्बेडकर ने वोट का अधिकार सभी नागरिकों को देकर एक मजबूत लोकतंत्र की नींव रखी जिस पर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चलकर आज भारत एक सशक्त राष्ट्र के रूप में विकसित हो रहा है। कार्यक्रम के प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, हरिओम मितल भाली, जिला उपाध्यक्ष चैयरमैन उदयभान मलिक, सुखवीर चंदेलिया आदि रहे।

### बाबा साहब को दिया सम्मान

कार्यक्रम संयोजक डॉ अशोक कुमार रंगा ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. अंबेड़कर के पंच तीर्थों का विकास कर उन्हें वैश्विक स्तर पर सम्मान दिलाया है, जो भाजपा की विचारधारा और बाबा साहेब के प्रति गहरे सम्मान का सशक्त प्रतीक है तथा महापरिनिर्वाण दिवस यह संकल्प पुनः दोहराने का अवसर है कि सामाजिक समरसता, समान अधिकार और लोकतांत्रिक आदर्शों को और सुदृढ़ किया जाए।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**रोहतक।** डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर शनिवार को कांग्रेस भवन में एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी और देश निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान को याद किया। इस अवसर पर रोहतक के विधायक भारत भूषण बत्रा, शहरी कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप के. डी., तथा ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष बलवान रंगा सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर बाबासाहेब के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डाला। नेताओं ने कहा कि सामाजिक समानता, न्याय और अधिकार आधारित बाबासाहेब का संविधान देशवासियों को एकजुट रखने वाला सबसे मजबूत आधार है। संविधान की रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है और कांग्रेस पार्टी इसके प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। सभी वक्ताओं ने यह भी कहा कि बाबासाहेब के आदर्श आज भी भारत की प्रगति, समावेशिता और समान अवसरों की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने "जय भीम, जय संविधान" के जयघोष के साथ महान विभूति डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जगबीर राठी, गपार्षद विजय गोयल, मनीराम, अड़ी चन्द्र निम्बड़िया, ताराचंद बागड़ी, डॉ. मामराज स्वामी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष निर्मला बलहारा, परिक्षित देशवाल, पार्षद राजेश कुमार, विजय गोयल, गीता भारती, कदम सिंह अहलावत, जितेंद्र वाल्मीकी, अनिल, बलजीत राणा, योगिंदर बोस अनुराग परवाना, सुमित सिंघल, नरेन्द्र, आरएस. गौतम, तेजवीर सैन राजीव अत्री, सुरेंद्र सिंधु, कविता शर्मा, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिक्षकों को कला की शिक्षा का दिया प्रशिक्षण

# चरखी दादरी और रोहतक के कला अध्यापकों की मंडलीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज. रोहतक



चरखी दादरी और रोहतक जिले के कला अध्यापकों के लिए आयोजित पांचवें बैच की मंडल स्तरीय कला कार्यशाला का आज एक भव्य एवं आकर्षक प्रदर्शनी के साथ सफल समापन हुआ। कार्यशाला के अंतिम दिन आयोजित इस प्रदर्शनी ने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों का मन मोह लिया। प्रदर्शनी में लिप्पन कला, रंगोली, वारली आर्ट, लैंडस्केप पेंटिंग, प्रेरणादायक स्लोगन और कैनवस पेंटिंग जैसी उत्कृष्ट रचनाएं प्रस्तुत की गईं, जो अध्यापकों की रचनात्मकता और उनके समर्पण की सजीव मिसाल थीं। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम मुकुंद तंवर उपस्थित रहे। उन्होंने सभी कलाकृतियों का अवलोकन किया और अध्यापकों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। उनके साथ डीईओ मनजीत मलिक और बीईओ जयभगवान की गरिमामयी उपस्थिति भी कार्यक्रम की शान बनी। समारोह के अंत में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### शिक्षा की नवीन पद्धतियों से अवगत करवाया

मुख्य अतिथि मुकुंद तंवर ने कहा कि कला हमारी संस्कृति और भावनाओं की अनमोल अभिव्यक्ति है। ऐसी कार्यशालाएं अध्यापकों को न सिर्फ नई तकनीकें सीखने का अवसर देती हैं, बल्कि छात्रों के लिए भी नवीन शिक्षण पद्धतियों के द्वार खोलती हैं। डीईओ मनजीत मलिक और बीईओ. जयभगवान ने भी कला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे जीवन का अभिन्न हिस्सा बताया।



### गौड़ ब्राह्मण कॉलेज में बाबा साहेब को दी श्रद्धांजलि

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने गौकर्ण पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया और पार्क परिसर की सफाई करते हुए लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने विद्यार्थियों को कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा और सामाजिक समानता का प्रेरणास्रोत है। उन्होंने छात्रों से संविधान में निहित स्वतंत्रता, समानता और न्याय के मूल्यों को जीवन में अपनाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. पिंकी चौहान, डॉ. मनीषा कौशिक, रवि कौशिक सहित कई कर्मचारी और स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, स्वच्छता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

### एमडीयू में डॉ. दहिया का लेक्चर आज

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के राधाकृष्णन सभागार में 7 दिसंबर को स्टेट क्रिटिकल केयर मेडिसिन (एसीसीसीएम) रोहतक शाखा और कायनोस हॉस्पिटल, रोहतक की ओर से एपीआई हरियाणा एवं आईएपी रोहतक के सहयोग से द्वितीय क्रिटिकेयर स्टेट कॉन्क्लेव–2025 का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में डॉ. अरविंद दहिया मेमोरियल लेक्चर का विशेष आयोजन किया जाएगा। आयोजन अध्यक्षा डॉ. कीर्ति बेरवाल ने बताया कि यह एक दिवसीय सम्मेलन चिकित्सा विशेषज्ञों, इंटेंसिविस्ट, फिजिशियन, बाल रोग विशेषज्ञों एवं युवा चिकित्सकों को क्रिटिकेयर मेडिसिन की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
❖ Nursing Staff 4
❖ ICU Staff 6
❖ PRO/Marketing Executive 6
❖ Ward Boy 2
❖ Computer Operator (Male) 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## खबर संक्षेप



### नरेश कुंडु को युवा लोक कलाकार पुरस्कार से नवाजा

**रोहतक।** उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा हरियाणा के लोक कलाकार नरेश कुंडु को युवा लोक कलाकार सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें 5 दिसम्बर 2025 को राष्ट्रीय क्राफ्ट मेला, चंडीगढ़ में प्रदान किया गया, सम्मान के रूप में उन्हें एक लाख रूपये और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर कुंडु ने बताया कि वे पिछले लगभग 25 वर्षों से लोक कला के क्षेत्र में सक्रिय हैं और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा आयोजनों में अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्मान ने उनके आत्मविश्वास को और मजबूत किया है व उन्हें अत्यंत गौरव महसूस हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे सम्मानों से लोक कलाकारों में कला के प्रति लगाव बढ़ता है तथा पारंपरिक लोक संस्कृति के संवर्धन और संरक्षण को नई दिशा मिलती है। नरेश कुंडु ने अपना यह समर्पण और पुरस्कार अपने माता-पिता, गुरुजनों और अपने क्षेत्र की लोक संस्कृति को समर्पित किया। अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा मेरी कला यात्रा की शुरुआत 2003 से उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र से ही हुई थी। आज यह संस्था न केवल सैकड़ों लोक कलाकारों को मंच प्रदान कर रही है, बल्कि उन्हें सम्मान, पहचान और रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करा रही है।

## सुरक्षा के विशेष इंतजाम: स्वाट टीमों की लगातार गश्त, महत्वपूर्ण स्थानों पर सख्त चौकसी

# जिला पुलिस ने बढ़ाई सतर्कता आमजन से सहयोग की अपील

*जिले में अपराध पर अंकुश लगाने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वाट टीमों को सक्रिय कर दिया गया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। जिले में अपराध पर अंकुश लगाने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वाट टीमों को सक्रिय कर दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने बताया कि शहर में सुरक्षा को लेकर कई स्तरों पर कड़े इंतजाम किए गए हैं, जिनमें स्वाट टीमों की निरंतर गश्त और शहर के प्रमुख स्थानों पर नाकाबंदी सबसे अहम कदम हैं।

### स्वाट टीमों की चौकसी 24 घंटे की निगरानी

जिला पुलिस ने शहर में चार विशेष स्वाट टीमों को तैनात किया है। ये टीमें दिन-रात लगातार गश्त कर रही हैं। स्वाट कमांडोज आधुनिक हथियारों से लैस हैं और किसी भी प्रकार की आपात स्थिति- चाहे वह अपराध संबंधी हो या आतंकी खतरा से निपटने में सक्षम हैं।

इन टीमों का सीधा संपर्क जिला कंट्रोल रूम और उच्च अधिकारियों से होता है, जिससे किसी भी घटना के समय तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्वाट टीमें शहर की धड़कन कहे जाने वाले व्यस्त इलाकों की सुरक्षा पर विशेष फोकस कर रही हैं।





### सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट मोड में

शहर में बढ़ती गतिविधियों और शादी व आयोजनों के चलते पुलिस ने सतर्कता को और बढ़ा दिया है। हाल के दिनों में बाहरी जिलों और राज्यों से भी लोगों की आवाजाही बढ़ी है, ऐसे में सुरक्षा को मजबूत करना आवश्यक था। स्वाट टीमों की तैनाती यह संकेत देती है कि रोहतक पुलिस हर परिस्थिति के लिए तैयार है और अपराधियों को कड़ा संदेश देना चाहती है कि शहर में किसी भी तरह की आपराधिक हरकत बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### महत्वपूर्ण स्थानों पर सख्त नाकाबंदी, वाहनों की जांच जारी

सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी की गई है। पुलिस के जवान हर गुजरने वाले वाहन की बारीकी से जांच कर रहे हैं। पुलिस रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, रेलवे रोड, किला रोड, कपड़ा मार्केट, शोरी मार्केट, बड़ा बाजार, गांधी कैम्प मार्केट, भिवानी स्टैंड व डी-पार्क आदि स्थानों पर जांच की जा रही है। इन स्थानों को भीड़भाड़ और सक्रिय गतिविधियों वाले संवेदनशील जाना माना जाता है। स्वाट टीम और स्थानीय पुलिस यहां संयुक्त रूप से गश्त कर रही है ताकि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि को तुरंत चिन्हित किया जा सके।

### संदिग्ध लोगों और वाहनों पर विशेष नजर

टीमें सिर्फ गश्त ही नहीं कर रहीं, बल्कि संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और वस्तुओं की भी लगातार जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि किसी भी अनहोनी को रोकने के लिए सक्रिय निगरानी और तत्पर प्रतिक्रिया बेहद जरूरी है। अधिकारी बताते हैं कि कई बार अपराधी भीड़भाड़ वाले इलाकों का फायदा उठाते हैं, इसलिए पुलिस का लक्ष्य इन स्थानों को सुरक्षित और नियंत्रित रखना है।

### आमजन सतर्क रहें, सूचना दें, सहयोग करें

पुलिस ने शहरवासियों से भी खास अपील की है। पुलिस अधीक्षक भौरिया ने कहा कि अगर किसी को कोई संदिग्ध व्यक्ति, वाहन या वस्तु दिखाई दे, तो खुद उसे न छुएं। तुरंत डायल 112 पर सूचना दें। इसके अलावा लोग अपने नजदीकी थाना या पुलिस चौकी में भी जानकारी दे सकते हैं। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वालों की पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी।



# कांग्रेस में फूट जगजाहिर, विपक्ष की भूमिका नहीं, भाजपा की बनी सहयोगी

- इनेलो प्रदेश सचिव बोले, 28 दिसंबर को रोहतक में होगा ऐतिहासिक सम्मेलन, कई बड़े दिग्गज नेता समर्थकों के साथ करेंगे घर वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इनेलो के प्रदेश सचिव मंजीत कन्हेली ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस विपक्ष की नहीं बल्कि भाजपा की सहयोगी पार्टी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं की फूट भी जगजाहिर है और जिसका जीता जागता उदाहरण पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह द्वारा निकाली जा रही सदभावना यात्रा है, क्योंकि इस यात्रा के दौरान कोई भी स्थानीय कांग्रेस नेता शामिल नहीं हो रहे है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व सीएम हुड्डा जेल जाने के डर के कारण भाजपा की बी टीम बनकर काम कर रहे हैं। मंजीत कन्हेली ने कहा कि 28 दिसंबर को रोहतक में होने वाला महासम्मेलन ऐतिहासिक होगा और इनेलो सुप्रीमों अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में भाजपा व कांग्रेस छोड़कर कई बड़े दिगज नेता अपने सैकडों समर्थकों के साथ इनेलो पार्टी में शामिल होगे।

### खेल व्यवस्था सवालों में

इनेलो प्रदेश सचिव मंजीत कन्हेली शनिवार को पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण लगातार शिक्षा व खेल का स्तर गिरता जा रहा है। स्टेडियों की हालत जर्जर बनी हुई है और खिलाड़ी लगातार हादसों का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ी सबसे ज्यादा मैडल जीतकर देश का नाम रोशन करते है, लेकिन जब उन खिलाड़ियों के साथ कोई घटना घटती है तो सरकार मदद करने की बजाए अपना पल्ला झाड लेती है। उन्होंने इंटर नेशनल पैरा वेट लिफ्टिंग खिलाड़ी रोहित धनखड़ हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने को लेकर भी कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया तो इनेलो सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरेगी। इस अवसर पर कुलदीप सिंह, विशाल, संजू, मोनू, अजय, मास्टर जयसिंह, भोम सिंह, प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# नन्हे प्रतिभागियों ने विभिन्न टीमों में बंटकर अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया

- टोडलर स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जीडी गोयनका टोडलर स्कूल सनसिटी-36 में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता बड़े उत्साह और ऊर्जा के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में सामान्य ज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना, उनकी सोचने-समझने की क्षमता को मजबूत करना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भाव विकसित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत उत्साहपूर्ण माहौल में हुई, जहां नन्हे प्रतिभागियों ने विभिन्न टीमों में बंटकर अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया।

ज्ञान ही शक्ति है की भावना को चरितार्थ करते हुए बच्चों ने विज्ञान, पर्यावरण, खेल, इतिहास और दैनिक जीवन से जुड़े सवालों के उत्तर बड़ी चतुराई से दिए। उनकी तेज़ प्रतिक्रिया और आत्मविश्वास ने दर्शकों को प्रभावित किया। प्रधानाचार्या अनामिका बलहारा ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इससे बच्चों में न केवल ज्ञान बढ़ता है बल्कि टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता और त्वरित निर्णय लेने की योग्यता भी विकसित होती है।

# किसान सभा ने फसल नुकसान पर सरकार की आलोचना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अखिल भारतीय किसान सभा की हरियाणा राज्य कमेटी ने बाढ़ से फसलें नष्ट होने के बाद सरकारी कार्रवाई को पूरी तरह नाकाफी बताते हुए कड़ी आलोचना की है। राज्य प्रधान मास्टर बलबीर और महासचिव सुमित ने आरोप लगाया कि सरकार पटवारियों के निलंबन का हवाला देकर गिरदावरी में अनियमितताओं को मुद्दा बना रही है, जबकि असल उद्देश्य किसानों को वास्तविक नुकसान से कम दिखाना है। राज्य कमेटी ने बताया कि प्रदेश के 5 लाख 29 हजार किसानों ने 31 लाख एकड़ में फसल नुकसान की जानकारी क्षति पूर्ति पोर्टल पर दर्ज की है, लेकिन सरकार उन्हें झूठा साबित करने के प्रयास में लगी है।

### मुआवजा देरी और धान घोटाले पर सवाल

पटवारियों से दोबारा फसल के फोटो भेजने की मांग को किसान सभा ने हास्यास्पद करार दिया। किसान सभा ने कहा कि मुख्यमंत्री लंबे समय से दिवाली से पहले मुआवजा देने की घोषणा कर रहे थे, लेकिन अब तक कोई भुगतान नहीं किया गया। साथ ही धान खरीद में हुए बड़े घोटाले में प्रभावशाली लोगों को बचाने का भी आरोप लगाया गया। बाढ़ के बावजूद मंडियों में पिछले वर्ष से अधिक धान की आवक और शेलरों में कम स्टॉक मिलने से घोटाले की पुष्टि होती है, पर केवल निचले स्तर के कुछ कर्मचारियों पर कार्रवाई कर औपचारिकता निभाई गई है।

# मातृशक्ति जागरण के संदेश के साथ संपन्न हुआ शिक्षा भारती शिशु वाटिका का सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम

- छात्राओं द्वारा प्रस्तुत ऐतिहासिक व प्रेरणादायी महिलाओं के संदेश तथा प्रश्नोत्तरी विशेष आकर्षण रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



शिक्षा भारती शिशु वाटिका मकड़ौली खुर्द में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग संयोजिका बीना कौशिक ने की। मुख्य अतिथि कंचन मखीजा, वक्ता सरला शर्मा और प्राचार्या मोना सहित बड़ी संख्या में माताओं की उपस्थिति में सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सांस्कृतिक प्रस्तुति नवयुग का नव विचार आया और समूह गीत हम ही मातृशक्ति हैं ने कार्यक्रम में उत्साह भर दिया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत ऐतिहासिक व प्रेरणादायी महिलाओं के संदेश तथा प्रश्नोत्तरी विशेष आकर्षण रहे। मुख्य अतिथि कंचन मखीजा ने नारी की सप्त शक्तियों एवं कुटुंब प्रबोधन की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं वक्ता सरला शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण के वास्तविक अर्थ और दैनिक जीवन से जुड़े प्रभावों को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया। प्रतिभागी महिलाओं व अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्या मोना ने वर्तमान समाज में मातृशक्ति की सक्रिय भूमिका को रेखांकित करते हुए कार्यक्रम को सार्थक पहल बताया।

## प्रथम चरण की यात्रा के सम्मान समारोह में रणदीप सुरजेवाला होंगे मुख्य अतिथि

**रोहतक।** पूर्व सांसद एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विदेशी मामले विभाग के उपाध्यक्ष बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा के प्रथम चरण में अमूल्य सहयोग और सजग भागीदारी देने वाले समर्थकों व कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह 7 दिसंबर को जींद के सफीदों रोड स्थित दीप पैलेस में होगा। यह जानकारी यात्रा के मीडिया प्रभारी एडवोकेट अमित काजल ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि सम्मान समारोह में राज्यसभा सदस्य एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला मुख्य अतिथि होंगे जबकि हरियाणा विधानसभा के पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा विशिष्ट अतिथि होंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2025-26 में सांगवान इंटरनेशनल स्कूल की शानदार उपलब्धि



**रोहतक।** I रत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2025-26 की प्रथम चरण परीक्षा 29, 30, 31 अक्टूबर तथा 1 और 2 नवंबर को आयोजित की गई। इस परीक्षा में सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के कुल 227 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 169 विद्यार्थियों ने प्रथम चरण को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया। दूसरे चरण में प्रवेश करते हुए चयनित विद्यार्थियों ने 19 एवं 23 नवंबर को परीक्षा दी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 23 विद्यार्थियों ने जिला स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त कर राज्य स्तर के लिए अपनी दावेदारी पक्की की। रोहतक जिले में सांगवान स्कूल ने उल्लेखनीय प्रदर्शन कर पूरे हरियाणा में दूसरा स्थान हासिल किया, जिससे विद्यालय में हर्षोल्लास का माहौल है। विद्यालय प्रबंधक राजेश सांगवान ने विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्या मनीषा सांगवान, स्कूल समन्वयक प्रमिला सांगवान, विभागाध्यक्ष राम मेहर शर्मा, सोनल कांत सहित सभी शिक्षकों ने बच्चों को आगामी चरण के लिए शुभकामनाएं दीं।

# रिटायर्ड कर्मचारी संगठन की उच्च स्तरीय कमेटी के लिए वीरेन्द्र सिंह धनखड़ को बनाया प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा की एक राज्य स्तरीय कमेटी की बैठक हरियाणा रोड़वेज कर्मचारी भवन के कन्फ्रैंस हाल में हुई। बैठक की अध्यक्षता जलकरण बल्हारा ने की जबकि मंच का संचालन महासचिव सत्यवान शास्त्री ने किया। सर्वप्रथम पूर्व में संगठन के महासचिव रहे स्वर्गीय कुलभूषण शर्मा, दलबीर नेहरा के भाई तथा बूटा सिंह के पौत्र की मृत्यु होने पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन को सुचारू रूप से एवं मजबूती प्रदान करने के लिए वीरेन्द्र सिंह धनखड़ को 11 सदस्यीय कमेटी का प्रधान चुना गया। रिटायर्ड कर्मचारियों की काफी लम्बे समय से लम्बित पड़ी मांगों पर प्रधान जलकरण बल्हारा ने भूरा-भूरा प्रकाश डाला कि प्रदेश के रिटायर्ड कर्मचारियों की लम्बित मांगों को सरकार ने अनदेखा कर रखा है जिस कारण पैंशनर्ज में गहरा रोष पनप रहा है। संगठन को मजबूत करने के लिए प्रत्येक जिले का विरेन्द्र सिंह धनखड़ की देख में दौरा किया जायेगा। सर्वप्रथम यह कमेटी डिस्ट्रिक रेवाड़ी, महेन्द्रगढ़, गुरूग्राम व नूंह से आरम्भ करेगें।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रेम सिंह सैनी ने सरकार द्वारा आठवें पे कमीशन में रिटायर्ड कर्मचारियों की अनदेखी करने पर सरकार की कटु आलोचना की तथा सरकार के इस मनसूबे को किसी भी स्तर पर सफल नहीं होने दिया जायेगा और आठवें पे कमीशन में रिटायर्ड कर्मचारियों को भी वर्तमान कर्मचारियों जैसी सुविधाएं संगठन प्रदत्त करवाएगा। इस अवसर पर एम.एल. सहगल, राजवीर सिंधु, सुभाष चौहान, रणसिंह श्योराण, वेदपाल हुड्डा, मुंशीराम कम्बोज, राजेन्द्र फौगाट, निर्मला हुड्डा, प्रेमवती, कमलेश, शकुन्तला, संतरा, उतम सिंह आदि कर्मचारी नेताओं ने भी सभा को सम्बोधित करते हुए लम्बित मांगों को शीघ्र मानने के लिए अपने विचार रखे।

## नियमों के अनुरूप संचालित हो रहे सभी कार्यक्रम

# ऑनलाइन कार्यक्रमों की वैधता पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने दूर किए संशय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्टों में नैक मान्यता और दूरी व ऑनलाइन कार्यक्रमों की वैधता को लेकर उठे सवालों पर तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट की है। विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत और डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक ने कहा कि एमडीयू राष्ट्रीय नियामक संस्थाओं के सभी मानकों और दिशानिर्देशों के अनुरूप कार्य करता है तथा गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता है। रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि वर्ष 2019 में एमडीयू को नैक से ए प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ था जिसकी वैधता पांच वर्ष की थी। इस बीच स्वयं नैक ने देशभर के संस्थानों के लिए नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। नैक की अधिसूचनाओं के अनुसार, जिन संस्थानों की मान्यता इस संक्रमण काल में समाप्त हो रही है, उन्हें नई व्यवस्था लागू होने तक तथा उसके बाद घोषित अवधि तक मान्यता प्राप्त ही माना जाएगा। उन्होंने कहा कि एमडीयू नई प्रणाली के अनुरूप आवेदन करने के लिए पूरी तरह तैयार है और नैक की विंडो खुलते ही तुरंत आवेदन करेगा। प्रो. एससी मलिक ने बताया कि एमडीयू का आईक्यूएसी निरंतर गुणवत्ता मानकों को मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि एनआईआरएफ रैंकिंग में एमडीयू को राष्ट्रीय स्तर पर 43वां स्थान मिला है।

### एमडीयू के सभी कार्यक्रम यूजीसी डीईबी के नियमानुसार संचालित

दूरी व ऑनलाइन शिक्षा कार्यक्रमों पर उठे सवालों को लेकर अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि एमडीयू के सभी कार्यक्रम यूजीसी-डीईबी के नियमानुसार संचालित हैं और 2025–26 सत्र तक पूरी तरह वैध हैं। सभी विद्यार्थियों के लिए डीईबी आईडी भी जारी की जा चुकी हैं। उन्होंने मीडिया से आग्रह किया कि संवेदनशील विषयों पर खबर प्रकाशित करने से पहले आधिकारिक स्रोतों से तथ्य अवश्य सत्यापित करें।

# छात्राओं को जर्सियां और जूते किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खरैटी में शनिवार को 85 छात्राओं को जर्सी और जूते वितरित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बालिकाओं को खेल और शैक्षणिक गतिविधियों में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किए गए इस आयोजन में विद्यालय परिसर उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा से भर गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक राजेश आर्य ने छात्राओं को जर्सी एवं जूते प्रदान किए और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं, और उचित संसाधन व प्रोत्साहन मिलने पर वे और अधिक आत्मविश्वास के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं।

यह कार्यक्रम जिला संगठन आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, बलराज आर्य के विशेष सहयोग से संभव हो पाया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ खेल, अनुशासन और व्यक्तित्व विकास बालिकाओं के भविष्य के निर्माण के मजबूत स्तंभ हैं। विद्यालय प्राचार्या अंजू अरोरा सहित स्टाफ ने मुख्य अतिथि एवं उनके साथ आए डॉ. विवेकानंद का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।